भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या †5825

उत्तर देने की तारीख 30 मार्च, 2026

9 चैत्र, 1948 (शक)

बक्सर में गोकुल जलाशय में हाई-परफार्मेंस सेंटर की स्थापना

†5825. श्री सुधाकर सिंहः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बिहार के बक्सर जिले में स्थित गोकुल जलाशय, जो लगभग 26 किलोमीटर में फैला एक प्रमुख अंतर्देशीय जल निकाय है, में रोइंग, कयाकिंग, कैनोइंग, वाटर स्कीइंग और अन्य जलीय- प्रतिस्पर्धाओं के विकास की अपार संभावनाएं हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा गोकुल जलाशय में जलीय प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन, प्रशिक्षण केन्द्रों को औपचारिक रूप से शुरू करने अथवा हाई-परफार्मेंस सेंटर के लिए कोई व्यवहार्यता अध्ययन या प्रस्ताव तैयार किया गया है;

(घ) यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति और स्वीकृत बजट का ब्यौरा क्या है तथा इसके कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है;

(ङ) यदि नहीं, तो क्या सरकार का भविष्य में खेलो इंडिया योजना (केआईएस) या अन्य केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत बक्सर में गोकुल जलाशय को वाटर स्पोर्ट्स के केन्द्र के रूप में विकसित करने का विचार है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (घ): खेल राज्य का विषय होने के कारण राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में खेलों का संवर्धन और विकास संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। युवा कार्यक्रम और खेल

मंत्रालय अपनी निम्नलिखित खेल प्रोत्साहन स्कीमों के माध्यम से उनके प्रयासों में अनुपूरक की भूमिका निभाता है।

(i) खेलो इंडिया;

(ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता;

(iii) अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक विजेताओं एवं उनके कोचों को नकद प्रोत्साहन;

(iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार;

(v) मेधावी खिलाड़ियों के लिए पेंशन हेतु खेल निधि;

(vi) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खिलाड़ी कल्याण कार्यक्रम;

(vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; तथा

(viii) भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम खेल प्रोत्साहन स्कीमों का संचालन।

इन स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और साई की वेबसाइटों पर पब्लिक डोमेन में है।

(ङ) और (च): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****